भाजपा मोर्चा की बैठक : सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर...

# किसान, युवा, अजा और अजजा मोर्चा विशेष जनसंपर्क अभियान में जुटेगा

भोपाल (काप्र)।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 9 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित है। इन 9 वर्षों में गरीबों के जीवन स्तर में सुधार आया है तो वहीं सांस्कृतिक वैभव का अभ्युदय हुआ है। 9 वर्षों में देश ने हर मोर्चे पर सफलताएं अर्जित की है। भारतीय जनता पार्टी ने 30 मई से 30 जून के बीच विशेष जनसंपर्क अभियान के माध्यम से मोदी सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्यक्रम तय किया है।**

इस अभियान के दौरान प्रदेश में हर बूथ तक केन्द्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां पहुंचे, इसकी जिम्मेदारी प्रत्येक कार्यकर्ता की है। हर मोर्चा विस्तृत कार्ययोजना के आधार पर विशेष जनसंपर्क अभियान को सफल बनाने में जुटें। यह बात भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने शनिवार को प्रदेश कार्यालय में किसान मोर्चा, युवा मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए कही। पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार की योजनाएं हर वर्ग के लिए है। समाज का ऐसा कोई वर्ग अछूता नहीं है जो गरीब कल्याण की योजनाओं से लाभान्वित न हुआ हो। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में ढांचागत विकास में अमूलचूल परिवर्तन आया है। 2014 से पहले देश में नक्सलवाद, माओवाद और आतंकवाद की घटना आम बात थी। 2014 के बाद देश की आतंरिक सुरक्षा मजबूत हुई है और देश की सीमाएं भी सुरक्षित हुई है। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक इसके उदाहरण है। देश के सीमावर्ती गांवों तक आज सड़कें बन चुकी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में देश आर्थिक उन्नति की ओर अग्रसर हुआ है। आज भारत दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था बन चुका है। आने वाले वर्षों में भारत तीसरे स्थान पर पहुंचेगा। श्री शिवप्रकाश जी ने कहा कि मोदी सरकार के 9 वर्ष देश में क्रांतिकारी और अभूतपूर्व निर्णयों के लिए जाने जाते है। मोदी सरकार ने वीआईपी कल्चर पर प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि महाकाल लोक, काशी विश्वनाथ कॉरीडोर और राम मंदिर के निर्माण जैसे अनेक निर्णय यह दर्शाते है कि मोदी सरकार में सांस्कृतिक मूल्य स्थापित हुए है और विश्व में भारत का मान सम्मान बढा है। उन्होंने कहा कि सम्राट हर्षवर्धन और उसके बाद चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य और अहिल्याबाई के शासनकाल में धर्म प्रधान शासन था। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को भी लोग इसी के लिए जानेंगे।

प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के डीएनए में हिन्दू विरोधी भावनाएं है। जो देश की सर्वमान्य परंपराएं है उन्हें भी कांग्रेस नहीं मानती है। सेंगोल देश के राजधर्म का प्रतीक है। उसका अपमान कर कांग्रेस ने जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचायी है। उन्होंने कहा कि राम को न मानने वाली कांग्रेस ने राम मंदिर निर्माण में भी रूकावटें डालने की कोशिश की लेकिन वह सफल नहीं हो पायी। कांग्रेस ने हमेशा हिन्दूओं को अपमानित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं को लेकर जनता के बीच जायेंगे तो साथ ही कांग्रेस की भारत की अस्मिता विरोधी मानसिकता को भी जनता के समक्ष रखें और उन्हें बताएं कि कांग्रेस हमेशा देश की अवमानना करती आयी है। उन्होंने कहा कि विशेष जनसंपर्क अभियान में पार्टी द्वारा तय कार्यक्रमों के साथ ही हर मोर्चा विधानसभा स्तर पर प्रभावी सम्मेलन आयोजित करें।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 9 वर्ष का कार्यकाल अभूतपूर्व है। मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी सरकार के कामों को विशेष जनसंपर्क अभियान के माध्यम से हर बूथ और हर घर तक पहुंचाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने विकास के नए आयाम स्थापित किए है। 30 मई से 30 जून के बीच चलने वाले अभियान में अलग अलग कार्यक्रम होंगे। 20 से 30 जून के बीच बूथ स्तर तक घर घर संपर्क अभियान चलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की योजनाएं सर्वहारा वर्ग की योजनाएं है। इनके माध्यम से कार्यकर्ता हर समाज वर्ग को पार्टी से जोडने का काम करें। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पेसा एक्ट लागू कर अनुसूचित जनजाति वर्ग को अधिकार संपन्न बनाया और गौरव दिवस मनाकर उन्हें गौरवान्वित किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आदिवासी बहन को राष्ट्रपति बनाकर आदिवासी समाज का सम्मान किया है। यह सब बातें हमें नीचे तक ले जाने की आवश्यकता है। श्री शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश में 30 लाख नवमतदाता है इन्हें अभियान के दौरान युवा मोर्चा पार्टी की विचारधारा से जोडे और नवमतदाताओं को यह बताएं कि कांग्रेस उन्हें गुमराह करने की कोशिश कर रही है।

बैठक के दौरान अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, किसान मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर, किसान मोर्चा प्रदेश प्रभारी डॉ. अनिल बोंडे, अशोक नेते, प्रदेश सरकार के मंत्री जगदीश देवडा, डॉ. प्रभुराम चौधरी, प्रदेश महामंत्री सुश्री कविता पाटीदार, युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी रोहित चहल, युवा आयोग अध्यक्ष डॉ. निशांत खरे, बैतूल सांसद श्री दुर्गादास उइके, पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद श्रीमती संध्या राय, अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव, अजजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कल सिंह भांबर, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी मंचासीन थे।



## मुख्यमंत्री नई दिल्ली में नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक में हुए शामिल

भोपाल (काप्र)।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित सम्मेलन केंद्र में विकसित भारत-2047: टीम इंडिया की भूमिका पर नीति आयोग की शासी परिषद की 8वीं बैठक में शामिल हुए। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने बैठक की अध्यक्षता की। मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस सहित सभी रायों के मुख्यमंत्री, पदेन सदस्य के रूप में केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष और अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

बैठक में विकसित भारत-2047, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, अधो-संरचना विकास और निवेश, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य और पोषण, कौशल विकास तथा सामाजिक विकास के लिए गतिशक्ति जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।




नई दिल्ली में शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान नीति आयोग द्वारा आयोजित सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों की गवर्निंग कॉउंसिल की बैठक में शामिल हुए।

## राज्य के बाहर से आयातित तुअर मंडी फीस से मुक्त

भोपाल (काप्र)।

राज्य सरकार ने अधिसूचित कृषि उपज तुअर, जो राज्य के बाहर से आयातित मंडी क्षेत्र में स्थापित दाल मिलों में लाई गई हो, को मंडी फीस के भुगतान से पूर्णतः छूट प्रदान की है। किसान-कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी गई है, जो मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशन दिनांक से 31 मार्च 2024 तक प्रवृत्त होगी।

### मुख्यमंत्री चौहान ने कुलदीप दंडोतिया को दी बधाई

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश के मुरैना निवासी ुलदीप दंडोतिया को साउथ अफ्रीका में विश्व बेंच प्रेस चेम्पियनशिप में रजत पदक जीतने पर बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा कि यह विजय आपके परिश्रम का सुफल है। आप ऐसे ही सफलता के पथ पर बढ़ते हुए प्रदेश और देश को गौरवान्वित करते रहे।

## संस्कृति और परंपरा को आधुनिकता से जोड़ेगा नया संसद भवन : वीडी

भोपाल (काप्र)।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजनरी नेतृत्व में देश की आजादी के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी कल नए संसद भवन को देश को समर्पित करेंगे।**

देश का नया संसद भवन हमारे इतिहास, सांस्कृतिक विरासत, परंपरा और सभ्यता को आधुनिकता से जोड़ने वाला अनुपम उदाहरण है। जिन 7000 श्रमिकों के अथक परिश्रम से रिकॉर्ड समय में इसका निर्माण हुआ है, प्रधानमंत्री जी कल उन्हें सम्मानित करेंगे। इस नए संसद भवन के लिए हम सब देशवासी, देश की 140 करोड़ जनता प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देती है बधाई देती है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने प्रदेश कार्यालय में मीडिया से चर्चा के दौरान कही। श्री शर्मा ने कहा कि नए संसद भवन में सैंगोल की स्थापना की जाएगी जो न्यायपूर्ण और निष्पक्ष शासन व्यवस्था का प्रतीक है, हमारे इतिहास की पहचान है। यह हमारी लोकतांत्रिक आजादी का प्रतीक है, स्वर्णिम इतिहास का अंग है और मजबूत तथा समृद्ध राष्ट्र के निर्माण के संकल्प का प्रतीक है। लेकिन हमारे धर्म, अध्यात्म और संस्कृति पर आक्रमण करना कांग्रेस नेतृत्व की आदत रही है। कांग्रेस इसके लिए कुछ भी झूठ बोल सकती है। कांग्रेस इस सैंगोल को फर्जी बता रही है। यही नहीं बल्कि कांग्रेस के नेता जयराम रमेश तो उस मठ को भी फर्जी बता रहे हैं जिसने नेहरु जी को यह सैंगोल सौंपा था।

### धर्म, संस्कृति का अपमान कांग्रेस की आदत

श्री शर्मा ने कहा कि देश की जनता जानती है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का नाम सम्राट विक्रमादित्य और देवी अहिल्याबाई जैसी उन विभूतियों की श्रृंखला में आता है जिन्होंने भारत की संस्कृति, धर्म और अध्यात्म को पुष्ट करने का काम किया। देश की जनता यह जानना चाहती है कि कांग्रेस को देश की परंपरा, संस्कृति और मान-सम्मान से इतनी नफरत क्यों है। जनता देख रही है कि किस प्रकार कांग्रेस राष्ट्रहित की बजाए निजी हित और स्वार्थ की राजनीति कर रही है। एक परिवारवादी पार्टी देश की संस्कृति पर जिस तरह आक्रमण कर रही है, मैं उसकी कड़ी आलोचना करता हूं। देश की संस्कृति पर इस आघात के लिए कांग्रेस को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। इसके साथ ही देश और प्रदेश की जनता यह जानना चाहती है कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी सैंगोल के बारे में क्या विचार रखते हैं।

## *बिसेन ने आयोग का कार्यकाल बढ़ाने की जताई इच्छा*

*भोपाल (काप्र)।*

***मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग अध्यक्ष गौरीशंकर बिसेन ने कार्यकाल बढ़ाने की इच्छा जताई है। दरअसल, गौरीशंकर बिसेन का कार्यकाल सितंबर माह में खत्म हो रहा है। उन्होंने कहा कि आयोग ने ओबीसी वर्ग के लिए कई काम किए हैं, लेकिन अभी बहुत काम बाकी हैं।***

*पूर्व मंत्री और बालाघाट विधायक गौरीशंकर बिसेन ने कहा कि बच्चों को रोजगार उपलब्ध कराना, निजी क्षेत्र में ओबीसी वर्ग को आत्मनिर्भर बनाना, औद्योगिक क्षेत्र में उन्हें दक्ष करना, ओबीसी वर्ग के युवाओं को पैरों पर खड़ा करना। सरकार चाहेगी तो कार्यकाल बढ़ाएगी। कार्यकाल बढ़ेगा तो आयोग बचे हुए काम पूरा करेगा।*

***संभागीय कमान लेने की तैयारी में संघ :*** *इधर, संघ संभागीय संगठन मंत्री व्यवस्था पर मंथन कर रहा हैं। दस संभागीय संगठन मंत्री तैनात करने पर विचार किया जा रहा है। चुनाव से पहले संघ बड़ा फैसला ले सकता हैं। प्रदेश में दो सह संगठन मंत्री पर भी विचार हो सकता है। पहले संभागीय संगठन व्यवस्था थी। दो साल पहले इस व्यवस्था में बदलाव हुआ था। संघ की रणनीति पर भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरीशंकर बिसेन ने कहा कि संघ सोच विचार कर ही निर्णय लेता है। हमारी विचारधारा में न व्यक्ति न कोई पार्टी सर्वोपरि है। हमारी विचारधारा में सिर्फ राष्ट्र सर्वोपरि है।*

***संघ को लुका छुपी का खेल बंद करना चाहिए :*** *वहीं कांग्रेस ने इस पर पलटवार किया है। कांग्रेस प्रवक्ता अभिनव बरौलिया ने कहा है कि संघ को स्थिति स्पष्ट करना चाहिए। संघ खुद को गैर राजनीतिक संगठन बताता आया है, लेकिन सीधे तौर पर राजनीति कर रहा है। हमें संघ की राजनीति से कोई आपत्ति नहीं, लेकिन संघ को लुका छुपी का खेल बंद करना चाहिए।*

## नगरीय विकास योजनाओं के सफल क्रियान्वयन पर मध्यप्रदेश को मिले तीन स्कॉच अवार्ड

भोपाल (काप्र)।

**नगरीय विकास और म्यूनिसिपल गवर्नेंस के लिये मध्यप्रदेश को 3 स्कॉच अवार्ड प्रदान किए गए हैं।**

शी-लाउंज महिला सुविधा गृह बनाने के लिये सागर स्मार्ट सिटी, धर्मपुरी सीवेज परियोजना के बेहतर प्रबंधन के लिये मध्यप्रदेश अर्बन डेव्हलपमेंट कम्पनी और प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में उल्लेखनीय कार्य करने के लिये नगरीय विकास एवं आवास विभाग को सिल्वर स्कॉच अवार्ड-2023 से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली में 27 मई को आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास भरत यादव, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के राय मिशन संचालक सतेंद्र सिंह तथा अपर आयुक्त श्रीमती रुचिका चौहान ने पुरस्कार प्राप्त किया। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने इस उपलब्धि के लिए पूरी टीम को बधाई दी है और कहा कि देश के हर गरीब नागरिक को पक्का आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा जून-2015 में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) आरंभ की गयी थी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कुशल नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी का मप्र में प्रभावी क्रियान्वयन किया गया है। प्रदेश में योजना के विभिन्न घटक में अभी तक साढ़े 9 लाख से अधिक हितग्राहियों के लिए आवास की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इसमें से लगभग साढ़े 6 लाख आवासों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। प्रदेश में योजना की सफलता के लिए राज्य द्वारा नवाचार तथा अपनाई गई प्रभावी रणनीतियों का विशेष योगदान रहा है। भूमिहीन परिवारों को आवासीय भूमि का पट्टा उपलब्ध कराया गया है, जिससे वे योजना के बीएलसी घटक का लाभ लेने से वंचित न रहें। यह छोटे और मझोले शहरों में योजना का सबसे लोकप्रिय घटक है। योजना के एएचपी घटक में हितग्राहियों को बैंकों से ऋण प्राप्त करने में होने वाली कठिनाई दूर करने के लिए त्रिपक्षीय अनुबंध के माध्यम से नगरीय निकायों की जिम्मेदारी पर हितग्राहियों को सुगमता से ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। एएचपी घटक के क्रियान्वयन के लिए भू-स्वामी हक पर समयबद्ध अवधि में शासकीय भूमि नगरीय निकायों को उपलब्ध करायी गई है। साथ ही पंजीकृत श्रमिक जो हितग्राही-अंश की पूर्ति करने में सक्षम नहीं होते, उनके लिए योजना में प्रावधानित राशि के अलावा एक लाख रूपये तक अलावा अनुदान मुख्यमंत्री भवन एवं संनिर्माण कर्मकार आवास योजना से उपलब्ध कराया जा रहा है। मध्यप्रदेश को अक्टूबर-2022 में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला दूसरा राय तथा अन्य योजनाओं से अभिसरण, आईईसी (प्रचार-प्रसार) गतिविधियों का संचालन एवं राय स्तरीय तकनीकी प्रकोष्ठ के प्रदर्शन में भी सर्वश्रेष्ठ राय का पुरस्कार केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा दिया गया था।



## प्रदेश में 16 जून तक मानसून पहुंचने की संभावना

**भोपाल ( काप्र )।** अमूमन सर्दी के मौसम के विदा होते ही पश्चिमी विक्षोभ का असर श्रीनगर तक ही सीमित होकर रह जाता है। इससे गर्मी में मध्य प्रदेश सहित मैदानी राज्यों में तपिश बढ़ती है, लेकिन इस बार पश्चिमी विक्षोभ लगातार न केवल हिमालय बल्कि पंजाब, राजस्थान और मध्य प्रदेश तक आ रहे हैं। इससे मध्य प्रदेश में बार-बार बादल छा रहे हैं और वर्षा भी हो रही है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के लगातार आने से मानसून के पिछड़ने की आशंका बढ़ गई है। अब दक्षिण-पश्चिम मानसून की मप्र में आने की संभावित तारीख 16 जून है।

इस बार गर्मी के सीजन में मार्च, अप्रैल के बाद मई माह में भी वर्षा हो रही है। वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ पूर्वी मध्य प्रदेश पर बना हुआ है। 29 मई को भी एक नए पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में पहुंचने की संभावना है। मार्च से लेकर अभी तक 15 पश्चिमी विक्षोभ अलग-अलग समय पर उत्तर भारत में आ चुके हैं। इनमें से दो पश्चिमी विक्षोभ मध्य प्रदेश तक आ चुके हैं।

खास खबर | प्रदेश की लाड़ली बहनों के लिए ऐतिहासिक दिन होगा 10 जून....

# मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में एक करोड़ से अधिक डीबीटी इनेबल

भोपाल (काप्र)।

**प्रदेश की एक करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के लिये 10 जून का दिन ऐतिहासिक होगा। इस दिन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के दिल से उपजी मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ उन्हें मिलना शुरू हो जायेगा। मुख्यमंत्री ने योजना में प्रावधान किया है कि गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवार की पात्र बहनों के खाते में जून माह से एक-एक हजार रूपये अंतरित किये जायेंगे।**

बहनों को यह राशि प्रतिमाह मिलेगी। योजना में पंजीयन कराने के अंतिम दिन तक एक करोड़ 25 लाख 33 हजार 145 बहनों ने पंजीयन करवाया। इसमें से अब तक एक करोड़ 12 लाख 57 हजार 65 बहनों के डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) इनेबल किये जा चुके हैं। शेष डीबीटी का कार्य सुचारू रूप से 30 मई तक पूरा किया जायेगा।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में अब तक भोपाल संभाग के भोपाल जिले में 2 लाख 78 हजार 133, रायसेन में 2 लाख 18 हजार 280, राजगढ़ में 2 लाख 63 हजार 651, सीहोर में 2 लाख 13 हजार 311 और विदिशा जिले में 2 लाख 42 हजार 758 डीबीटी इनेबल हो चुके हैं। चम्बल संभाग के भिण्ड जिले में 2 लाख 71 हजार 673, मुरैना में 2 लाख 92 हजार 179 और श्योपुर जिले में 96 हजार 266, ग्वालियर संभाग के ग्वालियर जिले में 2 लाख 73 हजार 82, अशोकनगर में एक लाख 38 हजार 918, दतिया में एक लाख 30 हजार 668, गुना में 2 लाख 2 हजार 784 और शिवपुरी जिले में 2 लाख 46 हजार 734 डीबीटी इनेबल किये जा चुके हैं। नर्मदापुरम संभाग के नर्मदापुरम जिले में एक लाख 86 हजार 979, बैतूल में 2 लाख 42 हजार 532, हरदा जिले में 81 हजार 607, इंदौर संभाग के इंदौर जिले में 3 लाख 91 हजार 443, अलीराजपुर में एक लाख 11 हजार 672, बड़वानी में 2 लाख 17 हजार 284, बुरहानपुर में एक लाख 14 हजार 354, धार में 3 लाख 32 हजार 307, झाबुआ में एक लाख 82 हजार 174, खण्डवा में एक लाख 89 हजार 782 और खरगोन जिले में 2 लाख 81 हजार 362 डीबीटी इनेबल किये जा चुके हैं। जबलपुर संभाग के जबलपुर जिले में 3 लाख 48 हजार 695, बालाघाट में 3 लाख 29 हजार 440, छिंदवाड़ा में 3 लाख 54 हजार 686, डिण्डोरी में एक लाख 17 हजार 7, कटनी में 2 लाख 14 हजार 268, मण्डला में एक लाख 83 हजार 232, नरसिंहपुर में एक लाख 92 हजार 905 और सिवनी जिले में 2 लाख 44 हजार 523 बहनों के डीबीटी इनेबल किये जा चुके हैं। रीवा संभाग के रीवा जिले में 3 लाख 61 हजार 265, सतना में 3 लाख 23 हजार 483, सीधी में एक लाख 82 हजार 121 और सिंगरौली जिले में एक लाख 71 हजार 64 डीबीटी इनेबल किये जा चुके हैं।

सागर संभाग के सागर जिले में 3 लाख 62 हजार 903, छतरपुर में 2 लाख 82 हजार 253, दमोह में 2 लाख 22 हजार 552, निवाड़ी में 69 हजार 644, पन्ना में एक लाख 55 हजार 893 और टीकमगढ़ जिले में एक लाख 85 हजार 760, शहडोल संभाग के शहडोल जिले में एक लाख 68 हजार 428, अनूपपुर जिले में एक लाख 15 हजार 726 और उमरिया जिले में 94 हजार 713 डीबीटी इनेबल किये गये हैं। उज्जैन संभाग के उज्जैन जिले में 3 लाख 2 हजार 117, आगर-मालवा में 99 हजार 797, देवास में 2 लाख 45 हजार 455, मंदसौर में 2 लाख 37 हजार 421, नीमच में एक लाख 42 हजार 2, रतलाम में 2 लाख 26 हजार 378 और शाजापुर जिले में एक लाख 54 हजार 20 बहनों के डीबीटी इनेबल किये जा चुके हैं।